# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

28/02/20

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Dainik Jagran, Meerut (UP)**

# जिम्बाब्वे के अफसर आरएएफ से सीखेंगे दंगा नियंत्रण के गुर

**ट्रेनिंग**

- गुरुवार से शुरू होगा सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम
- दंगे पर काबू पाने के व्यवहारिक व सैद्धांतिक टिप्स भी दिए जाएंगे

**जागरण संवाददाता, मेरठ :** जिम्बाब्वे से 15 अफसर दंगा नियंत्रण का प्रशिक्षण लेने के लिए शहर स्थित आरएएफ की 108 बटालियन में आए हुए हैं। गुरुवार (आज) को आरएएफ के रेपो कार्यक्रम से प्रशिक्षण की शुरुआत होगी। जिसमें उन्हें भीड़ नियंत्रण करने की जानकारी दी जाएगी। सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में अफसरों को दंगे पर काबू पाने के लिए व्यवहारिक व सैद्धांतिक टिप्स भी दिए जाएंगे।



रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की 108 बटालियन में स्थापित आरएएफ एकेडमी फॉर पब्लिक ऑर्डर में 'क्राउड कंट्रोल मैनेजमेंट' के तहत अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। इसमें जिम्बाब्वे के 15 अफसर प्रशिक्षण लेने आए हुए हैं। गुरुवार से शुरू होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहले दिन उन्हें भीड़ प्रबंधन क्या है? इसके बारे में विस्तार से बताया जाएगा। मौजूदा परिदृश्य को देखते हुए आरएएफ किस तरह भीड़ से निपटती है, इसके बारे में जानकारी दी जाएगी। कुछ जगहों पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आरएएफ द्वारा अपनाई गई रणनीति के बारे में बताया जाएगा। इसके अलावा देश-विदेश में भीड़ प्रबंधन के दौरान आने वाली कठिनाइयों पर भी चर्चा होगी।

**Aandra jyoti, Hyderabad (TS)**



ఫ్లాగ్‌మార్చ్ నిర్వహిస్తున్న పోలీసులు

# పాతబస్తీలో ఫ్లాగ్‌మార్చ్

## సోషల్ మీడియాలో పుకార్లను ప్రచారం చేస్తే కఠిన చర్యలు : ఏసీపీ

చార్మినార్, ఫిబ్రవరి 27 (ఆంధ్రజ్యోతి): ప్రజలు పోలీసులకు సహకరించాలని మీర్‌చౌక్ ఏసీపీ ఆనంద్ అన్నారు. గురువారం మీర్‌చౌక్ డివిజన్‌లోని నాగులచింత నుంచి పోలీసులు ఫ్లాగ్ మార్చ్ నిర్వహించారు. గౌలిపురా, ముకూర్ మసీదు, సుల్తాన్‌షాహి, వాల్టా హోటల్, బీబీబజార్ చౌరస్తా, హాఫిజ్‌డంకా మసీదు, అర్మాన్ హోటల్, ఎతెబార్ చౌక్, ఇస్లామియా జూనియర్ కాలేజీ, చంచల్‌గూడ, డబీర్‌పురా ఫ్లైఓవర్ బ్రిడ్జి దబీర్‌పురా దర్వాజ, బంగారు మైసమ్మ దేవాలయం, ఎంజీబీఎస్, దారుషిఫా చౌరస్తా, పురానీ హవేలి, మీర్‌చౌక్ పోలీస్‌స్టేషన్ వరకు సాగింది. ఏసీపీ మాట్లాడుతూ.. ఎక్కడో జరిగిన ఘటనలను ఇక్కడ జరిగినట్లు సోషల్ మీడియాలో ప్రచారం చేస్తున్నారని, అలాంటి వాటిని నమ్మొద్దన్నారు.

వాట్సాప్, ఫేస్‌బుక్ ద్వారా పుకార్లు సృష్టిస్తున్న వారిని కఠినంగా శిక్షిస్తామన్నారు. ఎవరైనా పుకార్లు సృష్టించడానికి ప్రయత్నిస్తే పోలీసులకు సమాచారం ఇవ్వాలని సూచించారు. ఫ్లాగ్‌మార్చ్‌లో ఇన్‌స్పెక్టర్లు రవికుమార్, ఆనంద్‌కిశోర్, ఆంజనేయులు, సత్యనారాయణ పాల్గొన్నారు.

Scanned with CamScanner

**C/99 DEPLOYED FOR FLAG MARCH DUTY IN THE AREA OF U/PS-MOGALPURA, MIRCHOWK, REINBAZAR, DABEERPURA UNDER DCP S/ Z, HYDERABAD.**

Dainik jaagran, Prayagraj (UP)

# सज गया परेड मैदान, पीएम बढ़ाएंगे दिव्यांगों का मान

## हैंगर पंडाल तैयार, रखीं गईं 75 हजार कुर्सियां, हेलीपैड भी बने



परेड मैदान पर बने हेलीपैड पर गुरुवार को रिहर्सल करता वायुसेना का हेलीकाप्टर • जागरण

जागरण संवाददाता, प्रयागराज : प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर परेड मैदान सजकर तैयार हो गया है। सभी हैंगर पंडाल बन गए हैं। उसमें लगभग 75 हजार कुर्सियां रख दी गई हैं। हेलीपैड से लेकर पार्किंग स्थल और मंच की तैयारियां पूरी हो गई हैं।

परेड मैदान में पांचों हेलीपैड तैयार हैं। तीन हेलीपैड अलग हैं और दो हेलीपैड अलग हैं। यहां प्रधानमंत्री के तीन हेलीकॉप्टर एक साथ लैंड करेंगे जबकि राज्यपाल और मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर दूसरे स्थान पर उतरेगा। यहां पर एंबुलेंस व अग्निशमन वाहन खड़ा कर दिया गया है। दोनों हेलीपैड स्थलों को सुरक्षा एजेंसियों के हवाले कर दिया गया है। कार्यक्रम स्थल पर भी भारी मात्रा में पुलिस तैनात कर दी गई है। सभी सात पंडालों में बनाए गए 21 ब्लॉकों को सजा दिया गया है। मैटिंग से लेकर अंदर भी बैरिकेडिंग कराई गई है। मंच के सामने व बाईं ओर दो हजार वीवीआइपी लोगों के बैठने का प्रबंध किया गया है। पार्किंग स्थलों से कार्यक्रम स्थल तक लाभार्थियों को शटल बसों से ले जाया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश से लेकर बैठने के इंतजामों को अंतिम रूप दे दिया गया है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उनकी ड्यूटी भी परेड मैदान में बुलाकर समझा दी गई।

### केंद्र व राज्य के कई सचिव पहुंचे आधा दर्जन अफसर आज आएंगे

#### कार्यक्रम स्थल पर बनेगी पर्ची

जिन लाभार्थियों की पर्ची खो गई है अथवा नहीं बन सकी है, उनकी पर्ची कार्यक्रम स्थल पर भी बनाए जाने का प्रबंध किया गया है। सूची में शामिल लाभार्थियों को आधार कार्ड, फोटो लाना इसके लिए अनिवार्य है। एलिम्को व प्रशासनिक अफसर लगाए गए हैं।

मंच पर कुछ दिव्यांगों को प्रधानमंत्री अपने हाथ से उपकरण प्रदान करेंगे, जिनके लिए मंच पर रैंप भी बना दिया गया। लाल सड़क से मंच स्थल तक जाने वाली सड़क दुरुस्त कर दी गई। शासन और प्रशासन के अफसर दिन भर कार्यक्रम स्थल पर डटे रहे। विकास भवन और कलेक्ट्रेट में देर रात तक कार्यालय खुले रहे। अफसर और कर्मचारी तैयारियों में जुटे रहे। देर रात अफसरों की बैठक भी हुई। शहर को भी विशेष रूप से सजा दिया गया है।

**भारत सरकार के संयुक्त सचिव पहुंचे :** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के संयुक्त सचिव सुरेंद्र सिंह, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के संयुक्त सचिव विवेक अग्रवाल गुरुवार को ही पहुंच गए। प्रदेश के अपर मुख्य सचिव, दिव्यांगजन एवं सशक्तीकरण महेश कुमार गुप्त, इसी विभाग के निदेशक अजीत कुमार शुक्रवार को आएंगे।

### वायुसेना के दो हेलीकॉप्टर ने परेड पर किया रिहर्सल

जासं, प्रयागराज : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से दो दिन पहले गुरुवार को सुरक्षा तैयारियों के तहत वायुसेना के दो हेलीकॉप्टर ने रिहर्सल किया। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी और एडीजी सुरक्षा ने भी परेड मैदान में की गई तैयारियों की समीक्षा की। शुक्रवार को ग्रैंड रिहर्सल किया जाएगा।

एसपीजी के कई और सदस्य गुरुवार को यहां पहुंच गए। कमांडो टीम शुक्रवार को आने पर दोपहर बाद सुरक्षा तैयारियों का रिहर्सल किया जाएगा। गुरुवार को दिनभर एसपीजी के आइजी आलोक शर्मा स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ परेड मैदान में मंच, सभी पंडालों और हेलीपैड पर सुरक्षा व्यवस्था तथा भीड़ नियंत्रण पर मंत्रणा करते रहे। एडीजी प्रेम प्रकाश, आइजी रेंज केपी सिंह, एसएसपी सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज, एसपी क्राइम आशुतोष मिश्र भी लगातार कार्यक्रम स्थल पर तैयारियां देखते रहे। दोपहर में अपर मुख्य सचिव (गृह) अवनीश अवस्थी और एडीजी सुरक्षा ने एसपीजी के साथ सुरक्षा बंदोबस्त पर बात की। शाम को एडीजी जोन, आइजी रेंज, एसएसपी, एसपीजी के आइजी ने सुरक्षा बंदोबस्त में आए आइपीएस, एएसपी, डिप्टी एसपी, पीएसी और आरएएफ के कमांडेंट को उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी की जानकारी दी।

**एंटी सबोटाज चेकिंग :** परेड मैदान के सभी पंडाल और मंच के आसपास चार एंटी सबोटाज चेक टीम चेकिंग कर रही हैं। एंटी माइन डिटेक्टर के जरिए जांच की जा रही है।

#### आज आएगा पुलिस बल

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दौरान शांति और सुरक्षा बंदोबस्त में तैनात किए जाने वाले सभी पुलिसकर्मी शुक्रवार दोपहर तक आ जाएंगे। 10 आइपीएस, 20 एएसपी और 30 डिप्टी एसपी के साथ ही सौ इंस्पेक्टर, तीन सौ सब इंस्पेक्टर और दो हजार से ज्यादा सिपाहियों की तैनाती होनी है

## Navbharat Times, New Delhi




पैरामिलिट्री के जवानों ने गुरुवार को पत्थरबाजी में घायल इस लड़के का इलाज कराया।



दंगे के बाद दिल्ली में तनावग्रस्त खजूरी खास इलाका

## Times of India , New Delhi



**CALM AFTER STORM:** Paramilitary personnel keep vigil in inner lanes of Shiv Vihar on Thursday

## Punjab Kesri , New Delhi



शिव विहार में एक समूह द्वारा पीटे गए युवक।

अघोषित कर्फ्यू में थोड़ी छूट दी। जिस कारण लोग घरों से बाहर निकलकर जरूरी सामान खरीद सके। वहीं दूसरी ओर दंगे के बाद जो लोग अपने-अपने घरों को छोड़कर दूसरे इलाकों में चले गए थे उन लोगों ने भी अपने घरों की सुध ली। अदालत से फटकार पड़ने के बाद पुलिस ने भी डिस्ट्रिक्ट में शांति बनाने के लिए भी एड़ी-चोटी का जोर लगाया हुआ है। प्रभावित इलाकों में पुलिस ने सुबह से अमन कमेटी के अलावा इलाके के लोगों के साथ बैठक कर शांति बनाए रखने की अपील की। इसके अलावा सीलमपुर, मौजपुर, घोंडा चौक, करावल नगर रोड समेत कई इलाकों में शांति मार्च भी निकाले गए।



जौहरीपुर पुलिया के पास पिटाई के बाद युवक को अस्पताल ले जाते सुरक्षाकर्मी।

# Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF








**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**